अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी गिरोह का बदमाश सीकर से गिरफ्तार

कंबोडिया से चीनी हैंडलर के संपर्क में थे इस गिरोह के सदस्य

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान पुलिस की स्टेट साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी और साइबर फ्रॉड नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही संगठित गिरोह से जुड़े अब तक कुल 9 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (4) से प्राप्त सूचना, तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मोहम्मद सद्दाम अंसारी उर्फ जेरी को सीकर से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि वर्ष 2023 में मोहम्मद सद्दाम अंसारी का संपर्क कथित एजेंट मुबारिक खान निवासी रोलसाबसर से हुआ था। एजेंट ने उसे कंबोडिया के एक शॉपिंग मॉल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 40 हजार रुपए लिए और इलेक्ट्रॉनिक वीजा व हवाई

आरोपी मोहम्मद सद्दाम अंसारी

टिकट उपलब्ध करवाए।

गत 31 अक्टूबर 2023 को सद्दाम अपने तीन साथियों अनिल, पंकज और राशिद के साथ जयपुर से कंबोडिया गया। वहां पोईपेट स्थित एक कंपनी में काम किया। आंखों की समस्या के कारण वह लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम नहीं कर सका, जिसके बाद उसे कार्यालय की देखरेख और कर्मचारियों तक भोजन, कंबल आदि पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। बाद में वह एचआर संबंधी काम करने लगा। पुलिस के अनुसार सद्दाम को कंपनी से प्रतिमाह करीब 800 अमेरिकी डॉलर वेतन मिलता था।

जांच में यह भी सामने आया कि कंबोडिया स्थित कंपनी में कर्मचारियों को उनके वास्तविक नामों की जगह अलग-अलग

■ **पुलिस के अनुसार आरोपी सद्दाम ने जनवरी-फरवरी 2024 में कई लोगों को नौकरी के नाम पर कंबोडिया बुलाया। इसके बदले उसे कंपनी से प्रति व्यक्ति 300 अमेरिकी डॉलर कमीशन मिलता था। उसने संबंधित लोगों से भी विदेश भेजने के नाम पर 30-30 हजार रुपए भी वसूले थे।**

उपनामों से बुलाया जाता था। कंपनी में करीब 200 लोग कार्यरत थे, जिनमें बड़ी संख्या राजस्थान के ब्यावर क्षेत्र के लोगों की थी। इसके अलावा सीकर और केरल के लोग भी वहां काम कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार सद्दाम ने जनवरी और फरवरी 2024 में कुछ अन्य लोगों को भी नौकरी के नाम पर कंबोडिया बुलाया। इसके बदले उसे कंपनी से प्रति व्यक्ति 300 अमेरिकी डॉलर कमीशन मिलता था। संबंधित लोगों से विदेश भेजने के नाम पर 30-30 हजार रुपए भी लिए गए। सद्दाम तीन अलग-अलग अवधि में कंबोडिया गया और करीब दो साल तक वहां रहा।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह से जुउत्रे कुछ आरोपी भारत लौटने के बाद भी कंबोडिया के नंबरों से व्हाट्सएप के जरिए चीनी हैंडलर के संपर्क में थे। आरोप है कि वे भारत में रहकर नए लोगों को आकर्षक नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया भेजने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मामले में बरामद डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्यों का वैज्ञानिक परीक्षण किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय साइबर स्लेवरी, मानव तस्करी और क्रिप्टो निवेश धोखाधड़ी से जुड़े इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान, गिरफ्तारी और वित्तीय लेन-देन की जांच जारी है। राज्य की अन्य जांच एजेंसियां भी आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। यह कार्रवाई एसपी साइबर क्राइम सुमित मेहरड़ा के सुपरविजन और डीएसपी व थानाधिकारी गजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में की गई।

कार्रवाई में साइबर क्राइम थाना के सहायक उप निरीक्षक बृजलाल सैनी, कांस्टेबल धर्मेंद्र, रोहिताश कुमार और सीआईडी-सीबी के कांस्टेबल अविनाश सहित सीकर से एएसआई ताराचंद, दीनदयाल, कांस्टेबल भागीरथ, अशोक कुमार, बजरंग सिंह और महिपाल सिंह शामिल रहे।

सेंट्रल जेल के बाहर बैग चुराने वाली गैंग के तीन बदमाश पुलिस गिरफ्त में

जयपुर। सेंट्रल जेल जयपुर में बंद कैदियों से मिलने आने वाले परिजनों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का लालकोठी थाना पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए दो महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध की धाराओं के तहत भी कार्रवाई की है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि लाल कोठी थाना पुलिस ने सेंट्रल जेल जयपुर में बंद कैदियों से मिलने आने वाले परिजनों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग के शातिर बदमाश गणेश गुर्जर (27) निवासी जमवारामगढ़ जयपुर,वसीम (32) पुत्र सलीम निवासी दौसा और जगमोहन उर्फ समुंदर (37) निवासी भरतपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए आईफोन 13 प्रो और ओप्पो रेनो 8 टी मोबाइल बरामद किए गए। लालकोठी थानाधिकारी श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गणेश गुर्जर के खिलाफ जमवारामगढ़ और जामडोली थानों में चोरी और नकबजनी के छह मामले दर्ज हैं।

तो वसीम के खिलाफ दौसा कोतवाली में आरपीजीओ एक्ट का मामला दर्ज है और जगमोहन उर्फ समुंदर के खिलाफ महुआ (दौसा) और खेरली (अलवर) थानों में डकैती की योजना और अन्य संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं।

■ **आरोपियों के कब्जे से चुराए हुए दो महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए**

थानाधिकारी ने बताया कि परिवादी भीम सिंह ने 2 अगस्त 2026 को लाल कोठी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने भाई लोकेश से मिलने सेंट्रल जेल आया था। उसने मुलाकात कक्ष के बाहर बैग रखा था, जिसमें दो आईफोन, एक ओप्पो मोबाइल, 10 हजार रुपए नकद, ईयरबड्स, चार्जर और कपड़े रखे थे। मुलाकात के बाद वापस आने पर बैग गायब मिला। जेल कर्मचारियों द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक व्यक्ति बैग ले जाता दिखाई दिया। उसकी पहचान पूर्व में चोरी के मामलों में जेल जा चुके गणेश गुर्जर के रूप में हुई। इस पर लालकोठी थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकडा।

सार-समाचार

आर.ए. पोद्दार इंस्टीट्यूट में वृक्षारोपण

जयपुर (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के आर.ए. पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 'एक वृक्ष पोषण' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में पोद्दार एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक आनंदी लाल पोद्दार, ट्रस्ट के मुख्य न्यासी श्रीधर पोद्दार, राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रो. अनुराग शर्मा सहित विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक पौधे लगाए गए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता भी जताई।

जयपुर में काजू महोत्सव 9 अगस्त को

जयपुर। ऑल इंडिया काजू एसोसिएशन और नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 9 अगस्त को नोवोटेल कन्वेंशन सेंटर, जयपुर में काजू महोत्सव 2026 आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा। महोत्सव में 13 प्रसिद्ध शेफ काजू से बनी विशेष रेसिपी तैयार करेंगे। इनोवेशन जोन में नए काजू उत्पाद और एक्सपीरियंस जोन में काजू की खेती, पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। आयोजन में राजस्थानी लोक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां और प्रतियोगिताएं होंगी। काजू आइसक्रीम, काजू कतली, कुकीज, शीरा, मफिन सहित कई उत्पादों का स्वाद भी लिया जा सकेगा। महोत्सव में देशभर से 50 से अधिक फूड इन्फ्लुएंसर्स व ब्लॉगर, शेफ, खाद्य उद्यमी और हजारों फूड लवर्स के शामिल होने की उम्मीद है। प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

एआई प्लस स्मार्टफोन का 'प्रोजेक्ट ट्रस्ट'

जयपुर। एआई प्लस स्मार्टफोन ने टेक कम्युनिटी के साथ मिलकर सुरक्षित स्मार्टफोन इकोसिस्टम तैयार करने के लिए 'प्रोजेक्ट ट्रस्ट' लॉन्च किया है। कंपनी अगले पांच वर्षों में इस पहल पर कुल 100 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके तहत एथिकल हैकर्स, सिक्योरिटी रिसर्चर्स, डेवलपर्स और टेक विशेषज्ञ कंपनी के सिस्टम की जांच कर सुरक्षा खामियों की पहचान करेंगे, ताकि उन्हें ग्राहकों तक पहुंचने से पहले ठीक किया जा सके। कंपनी के सीईओ एवं एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि स्मार्टफोन सुरक्षा लगातार बेहतर होने वाली प्रक्रिया है और सुरक्षित उत्पाद मिलकर बनाए जा सकते हैं। उन्होंने टेक कम्युनिटी को इस पहल से जुड़ने का न्योता दिया। कंपनी के अनुसार, यह पहल पारदर्शिता, निजता और उपयोगकर्ताओं के डेटा पर नियंत्रण को मजबूत करने की दिशा में भी काम करेगी।

मिशलिन ने लॉन्च किया ''प्रिमसी 5''

जयपुर। बारिश के मौसम में वाहन चालकों को बेहतर सुरक्षा देने के उद्देश्य से मिशलिन ने भारत में अपना नया प्रीमियम टायर ''मिशलिन प्रिमसी 5'' लॉन्च किया है। यह भारत में निर्मित कंपनी का पहला पैसेंजर कार टायर है, जिसे सेडान, एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार प्रिमसी 5 गीली सड़कों पर बेहतर पकड़ देता है और नई स्थिति में ब्रेक लगाने की दूरी 8 मीटर तक कम कर सकता है। यह पिछले मॉडल की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक चलता है और सफर को 9 प्रतिशत अधिक आरामदायक बनाता है। यह पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के लिए उपयुक्त है। मिशलिन इंडिया के प्रबंध निदेशक शांतनु देशपांडे ने कहा कि भारत में प्रीमियम कारों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी सुरक्षित व टिकाऊ टायर उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। प्रिमसी 5 अगस्त 2026 से देशभर में मिशलिन टायर्स एंड सर्विसेज सेंटर और 800 से अधिक अधिकृत डीलरों के यहां उपलब्ध होगा।

चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 10 से

जयपुर। राजस्थान सरकार के कृषि विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 के तहत चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया को गति देते हुए 10 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक इन-पर्सन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन उपरांत प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा कृषि विभाग को आवंटित कुल 460 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी। कृषि विभाग को आवंटित अभ्यर्थियों में गैर-अनुसूचित क्षेत्र के 428 तथा अनुसूचित क्षेत्र के 32 अभ्यर्थी शामिल हैं। विभाग में उपलब्ध चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों पर आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर पदस्थापन सुनिश्चित करने के लिए यह काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। काउंसलिंग का आयोजन ऑडिटोरियम, राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान टोंक रोड, दुर्गापुरा, जयपुर में किया जाएगा। निर्धारित तिथि पर अभ्यर्थियों को उपस्थित होकर उपलब्ध रिक्त पदों के संबंध में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करनी होंगी।

पूर्व स्पीकर स्व. भाभड़ा को श्रद्धांजलि

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. हरिशंकर भाभड़ा की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भाभड़ा ने लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और जनसेवा के उच्च आदर्शों का अनुकरणीय निर्वहन किया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सदन की गरिमा, निष्पक्षता और संसदीय मर्यादाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, विधायक ताराचंद जैन, मनोज न्यांगली, गीता बरवड़, प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा सहित भाभड़ा के परिजनों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

'हर घर तिरंगा' अभियान 9 से 17 तक

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की सभी गतिविधियों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत 9 से 17 अगस्त तक प्रदेशभर में विभिन्न जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित होंगी। 9 अगस्त को गांवों और ढाणियों में तिरंगा प्रभात फेरी, 10 अगस्त को ई-बाइक, साइकिल, ट्रैक्टर एवं तिरंगा रैलियां तथा 11-12 अगस्त को तिरंगा एवं वंदे मातरम् विषयक प्रदर्शनियां और मेले आयोजित होंगे। 13 से 17 अगस्त तक सरकारी भवनों, स्मारकों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा। 15 अगस्त को ध्वजारोहण के साथ नागरिकों को तिरंगा शपथ दिलाई जाएगी। प्रमुख स्मारकों और सरकारी भवनों को तिरंगा रोशनी से सजाने तथा कार्यक्रमों की जानकारी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के व्यापक आयोजन के निर्देश दिए। 13 और 14 अगस्त को जिला एवं पंचायत स्तर पर विभाजन विषयक प्रदर्शनियां और फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

महिला बॉडी बिल्डर का पीछा किया

जयपुर। राजधानी जयपुर के जवाहर नगर थाना इलाके में बुधवार देर रात एक महिला बॉडी बिल्डर का नकाबपोश बदमाशों ने पीछा किया। स्कॉर्पियो सवार पांच बदमाशों ने महिला की कार को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद पीड़िता ने देर रात जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 36 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट में बताया कि वह बुधवार रात बनी पार्क से अपने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान उसके घर के आसपास की एक ब्लैक स्कॉर्पियो में सवार पांच नकाबपोश युवक उसका पीछा करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि बदमाश लगातार उसकी कार के पीछे आते रहे और उसे रुकवाने की कोशिश की। जब उसने किसी कारण से कार रोकी तो बदमाशों ने स्कॉर्पियो से उसके आसपास 3-4 चक्कर लगाए। इसके बाद तेज गति से ओवरटेक कर वहां से फरार हो गए।

एसीबी में एएसपी के रिक्त पदों पर होगी प्रतिनियुक्ति

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजस्थान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर राज्य के पात्र एवं इच्छुक पुलिस अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अधिकारी 17 अगस्त 2026 तक अपने नियंत्रक अधिकारी की अभिशंसा सहित आवेदन पुलिस मुख्यालय भेज सकेंगे।

पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) राहुल कोटोकी द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार यह चयन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान विशेष चयन एवं सेवा की विशेष शर्तें नियम 2011 के तहत किया जाएगा। परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि केवल नियंत्रक अधिकारी की अनुशंसा के साथ निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। बिना अनुशंसा अथवा अंतिम

■ **17 अगस्त तक मांगे आवेदन, सेवा अवधि में मिलेगा विशेष भत्ता**

तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रतिनियुक्ति के लिए वर्तमान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर कार्यरत अधिकारी तथा उप अधीक्षक पुलिस (डीएसपी) पद पर न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव रखने वाले अधिकारी आवेदन के पात्र होंगे। परिपत्र के अनुसार चयनित अधिकारियों का वेतन, वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन पूर्ववत रहेगा तथा उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि (इन्क्रीमेंट) की नियत तिथि में कोई परिवर्तन नहीं होगा। इसके अलावा ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति के दौरान अधिकारियों को उनके मूल वेतन पर नियमानुसार विशेष भत्ता भी देय होगा।

बीमा कवरेज बढ़ाकर हर परिवार को सुरक्षा से जोड़े : मुख्य सचिव

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बीमा गवर्निंग काउंसिल की द्वितीय बैठक हुई। बैठक में 'इंश्योरेंस फॉर ऑल 2047' के लक्ष्य की समीक्षा करते हुए प्रदेश में बीमा कवरेज बढ़ाने और अधिकाधिक परिवारों को सामाजिक एवं वित्तीय सुरक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने बीमा एजेंसियों को पंचायती राज विभाग के साथ समन्वय कर ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सफल क्लेम निस्तारण की 'सफलता की कहानियों' का प्रचार कर आमजन में बीमा के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ाने पर भी जोर दिया। बैठक में अलवर की देशुला ग्राम पंचायत को शत-प्रतिशत बीमित करने के मॉडल की सराहना करते हुए इसे अन्य ग्राम पंचायतों में भी चरणबद्ध रूप से लागू करने का निर्णय लिया। राजीविका स्वयं सहायता समूहों और बैंकिंग सखियों की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

पंचायत-निकाय चुनाव में 10 प्रतिशत आरक्षण ईडब्ल्यूएस को देने की मांग

जयपुर (कासं)। आगामी पंचायत निकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर ईडब्ल्यूएस आरक्षण मंच ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत की। मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया ने कहा कि एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग को आरक्षण मिलने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए।

उन्होंने राजस्थान आर्थिक पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति जल्द करने की मांग भी की। उदेईया ने बताया कि मांग को लेकर 9 अगस्त को आगरा रोड स्थित सूर्या सिटी कॉलोनी में सवर्ण पंचायत सभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च कर ज्ञापन दिया जाएगा। मंच ने चेतावनी दी कि मांग की अनदेखी होने पर पंचायत चुनावों में

ईडब्ल्यूएस आरक्षण मंच ने पंचायत-निकाय चुनाव में आरक्षण की मांग उठाई।

सरकार के खिलाफ विरोध जताया जाएगा। प्रेसवार्ता में विभिन्न सवर्ण संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र भारद्वाज, परशुराम सेना के प्रमुख संयोजक अनिल चतुर्वेदी, वैश्य सेना राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल, तवरावाटी राजपूत के संयोजक एवं अध्यक्ष डॉ. शिवराज सिंह तंवर और सह संयोजक राजेन्द्र तंवर, ख़ांडल महासभा के अध्यक्ष अनिल ख़ांडल और जितेंद्र मिश्रा, हर्षिता शर्मा सहित अन्य ने संबोधित किया। वहीं इस मौके पर सवर्ण संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

44 लाख के लोन की ई.एम.आई. के तनाव में महिला ने फांसी लगाई

जयपुर (कासं)। महेश नगर क्षेत्र में नए मकान के लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता में एक 35 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका मनीषा के नाम पर परिवार ने हाल ही में 44 लाख रुपए का लोन लेकर 49 लाख रुपए में 86 गज का मकान खरीदा था। लोन की पहली किस्त आगामी 15 अगस्त को जमा होनी थी। परिवार देवउठनी एकादशी पर नए घर में शिफ्ट होने की तैयारी कर रहा था, लेकिन खुशियों के आगमन से पहले ही घर में मातम पसर गया।

एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मूलतः सवाई माधोपुर जिले के बामनवास (बड़ोली) क्षेत्र की रहने वाली मनीषा (35) अपने पति ओमप्रकाश और दो बेटों शिवम (12) व कुशाल (10) के साथ करतारपुरा की महावीर कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही थी। पति ओमप्रकाश जयपुर में मूर्ति बनाने का काम करते हैं। मनीषा और ओमप्रकाश की शादी वर्ष 2011 में हुई थी।

बुधवार देर शाम मनीषा ने पति और दोनों बच्चों के साथ चाय पी। इसके बाद पति ओमप्रकाश अपना मोबाइल ठीक करवाने महेश नगर चले गए। पति के जाने के बाद मनीषा ने दोनों बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया और कमरे की कुंडी अंदर से बंद कर अपनी साड़ी से पंखे पर फंदा लगा लिया। जब ओमप्रकाश घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने और फोन करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर मनीषा फंदे से लटकी हुई मिली। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पति ओमप्रकाश के अनुसार 8 दिन पहले ही हाथोज स्थित मकान की रजिस्ट्री मनीषा के नाम करवाई गई थी, लेकिन लोन लेने के बाद से ही वह किस्त चुकाने को लेकर बेहद तनाव में रहती थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बैंक यूनियन प्रेसिडेंट महेश मिश्रा ने बताया कि नियमानुसार लोन लेने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर लोन की जिम्मेदारी नामांकित व्यक्ति (नॉमिनी) या वारिस की होती है। हालांकि, यदि लोन के साथ होम लोन इंश्योरेंस करवाया गया है और मृत्यु की परिस्थिति पॉलिसी के नियमों के तहत आती है, तो बीमा कंपनी द्वारा क्लेम सेटलमेंट के बाद बकाया लोन माफ हो जाता है।

राज्यपाल कटारिया ने किया 'कैसे जानें भाग्य विज्ञान' सेमिनार के बैनर का अनावरण

जयपुर। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी सहित श्याम नगर स्थित भिक्षु साधना केंद्र पहुँचकर आचार्य श्री महाश्रमण के शिष्य मुनि सुधाकर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वाले 'कैसे जानें भाग्य विज्ञान' विषयक विशेष सेमिनार के बैनर का अनावरण किया। कार्यक्रम में लघु संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

अपने प्रेरक प्रवचन में मुनि सुधाकर ने कहा कि मंत्र-साधना के माध्यम से भाग्य में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। मंत्रों के नियमित जाप से आरोग्य की प्राप्ति होती है तथा व्यक्ति का आभामंडल पवित्र, सकारात्मक और शक्तिशाली बनता है। उन्होंने कहा कि मंत्र-साधना व्यक्ति को आधि-व्याधि एवं मानसिक उपाधियों से मुक्त कर आत्मिक शांति और समाधि की अनुभूति कराती है। नियमित साधना से आध्यात्मिक सौभाग्य का जागरण होता है तथा जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है।

राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि धर्म ही वह शक्ति है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी व्यक्ति को सही मार्ग दिखाती है। संतों का सान्निध्य बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है और उनका मार्गदर्शन जीवन को मंगलमय एवं कल्याणकारी बनाता है। उन्होंने कहा कि धर्म ही मनुष्य का सच्चा साथी है। एनसीएलटी के न्यायमूर्ति नरेश सालेचा ने कहा कि सहजता ही जीवन का सबसे बड़ा आनंद है। संतों का सान्निध्य व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य का जागरण करता

है तथा उसे आध्यात्मिक उन्नति की दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष शांतिलाल गोलछा ने राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं न्यायमूर्ति नरेश सालेचा का साहित्य भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। सभा अध्यक्ष शांतिलाल गोलछा ने बताया कि 9 अगस्त को प्रातः 9:15 बजे श्याम नगर स्थित भिक्षु साधना केंद्र में मुनि श्री सुधाकर जी के सान्निध्य में 'कैसे जानें भाग्य विज्ञान' विषय पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार में ग्रह-नक्षत्रों एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण के आधार पर ऐसे सरल एवं प्रभावी उपायों की जानकारी दी जाएगी।

मूक-बधिर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने

स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने गुरूवार को त्रिमूर्ति सर्किल स्थित आनंदीलाल पोद्दार राजकीय मूक-बधिर विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

जयपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने गुरूवार को त्रिमूर्ति सर्किल स्थित आनंदीलाल पोद्दार राजकीय मूक-बधिर विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षिणक, प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के छात्रावास, कक्षाओं, शौचालय, स्वच्छता, पेयजल, भोजन, खेल सुविधाओं और शिक्षण संसाधनों का निरीक्षण किया। शिक्षकों, वार्डनों और विद्यालय प्रबंधन से संवाद कर विद्यार्थियों की प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति और सह-शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी ली। यादव ने

■ **छात्रावासों में वार्डनों की ड्यूटी हर माह रोटेशन के आधार पर बदलने के निर्देश**

व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने अभिभावकों के लिए सांकेतिक भाषा सीखने हेतु स्क्रीन लगाने तथा छात्रावासों में वार्डनों की ड्यूटी हर माह रोटेशन के आधार पर बदलने के निर्देश भी दिए।

अवैध हथियारों के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर में अपराधों पर अंकुश लगाने और अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार की तलाशी लेकर उसमें से 2 जिंदा कारतूस और एक धारदार चाकू बरामद किया। पुलिस ने आरोपी की कार को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस टीम ने थाने के पास सर्विस रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान बिलोची की तरफ से आ रही कार को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान चालक की सीट के पास एक धारदार चाकू मिला। पुलिस ने कार चालक संदीप सिंह निर्वाण (30) निवासी बबाई जिला झुंझुनूं हाल कालवाड़ रोड, करधनी जयपुर को नीचे उतारकर तलाशी ली। इस दौरान उसकी पैंट की जेब से 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने जब कारतूस और चाकू के संबंध में वैध लाइसेंस और दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई कागजात पेश नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बड़े व्यापारियों और प्रॉपर्टी डीलरों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली (रंगदारी) करता है। पुलिस के अनुसार संदीप सिंह निर्वाण का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।